भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 526
दिनांक 06 फरवरी, 2025

# संगरूर जिले में पाइपकृत रसोई गैस

†526. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में प्रत्येक राज्य के कितने घरों में पाइपकृत रसोई गैस की आपूर्ति की जा रही है;

(ख) संगरूर शहर के शत-प्रतिशत घरों में पाइपकृत रसोई गैस कब तक पहुंच जाएगी;

(ग) बरनाला, धूरी, लेहरागागा, सुनाम, भवानीगढ़, दिरबा, खनौरी, लोंगोवाल, चीमा और मूनक शहरों में पाइपकृत रसोई गैस की आपूर्ति कब तक कर दी जाएगी; और

(घ) क्या सरकार ने इसके लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कंपनियों को पीएनजी की आपूर्ति और सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से परिवहन क्षेत्र को संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है, जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों के राज्य-वार ब्यौरे **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(क) से (घ) भौगोलिक क्षेत्र (जीए) जिसमें एसएएस नगर जिला (पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर), पटियाला और संगरूर जिले, जिसमें धुरी, लहरागागा, सुनाम, भवानीगढ़, दिरबा, खनौरी, लोंगोवाल, चीमा और मूनक शामिल हैं, को सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए टोरेंट गैस लिमिटेड को प्राधिकृत किया गया है। न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार, सीजीडी कंपनी ने वर्ष 2028 तक भौगोलिक क्षेत्र में लगभग 5,20,200 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत कंपनी ने भौगोलिक क्षेत्र में 1,64,730 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन के आनुपातिक एमडब्ल्यूपी लक्ष्य के सापेक्ष 8,514 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन प्रदान किए हैं।

लुधियाना जिला (पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर), बरनाला और मोगा जिलों को शामिल करते हुए जीए को सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड को प्राधिकृत किया गया है। एमडब्ल्यूपी के अनुसार, सीजीडी कंपनी ने वर्ष 2028 तक जीए में 4,51,317 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत कंपनी ने जीए में 1,31,634 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन के आनुपातिक एमडब्ल्यूपी लक्ष्य के सापेक्ष 16,171 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन प्रदान किए हैं।

******

अनुलग्नक-I

संगरूर जिले में पाइपकृत रसोई गैस के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 526 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों के राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार ब्यौरे

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ शासित प्रदेश** | **पीएनजी घरेलू कनेक्शन (सं.)** |
|---|---|---|
| | | उपलब्धि |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 282,665 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 3. | असम | 64,972 |
| 4. | बिहार | 200,325 |
| 5. | चंडीगढ़ | 28,731 |
| 6. | छत्तीसगढ | 6,663 |
| 7. | दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव | 18,474 |
| 8. | दिल्ली | 1,650,646 |
| 9. | गोवा | 16,547 |
| 10. | गुजरात | 3,471,692 |
| 11. | हरियाणा | 443,466 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 8,487 |
| 13. | झारखंड | 143,989 |
| 14. | कर्नाटक | 480,098 |
| 15. | केरल | 120,717 |
| 16. | संघ शासित प्रदेश लद्दाख | 0 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 256,237 |
| 18. | महाराष्ट्र | 3,917,096 |
| 19. | मणिपुर | 0 |
| 20. | मेघालय | 0 |
| 21. | मिजोरम | 0 |
| 22. | नगालैंड | 0 |
| 23. | ओडिशा | 133,887 |
| 24. | पुडुचेरी | 0 |
| 25. | पंजाब | 101,112 |
| 26. | जम्मू एवं कश्मीर संघ शासित प्रदेश | 0 |
| 27. | राजस्थान | 374,554 |
| 28. | सिक्किम | 0 |
| 29. | तमिलनाडु | 56,286 |
| 30. | तेलंगाना | 219,299 |
| 31. | त्रिपुरा | 64,104 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | 1,772,688 |
| 33. | उत्तराखंड | 85,602 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 52,399 |
| **योग** | | **13,970,736** |

(स्रोतः पीएनजीआरबी)

*******